# सैंकड़ों मंदिरों का पुनरोद्धार कराने वाली लोकमाता अहिल्याबाई होलकर

## महारानी अहिल्याबाई की पहचान एक विनम्र एवं उदार शासक के रुप में थी। जिनके ह्रदय में वंचित, गरीबों और असहायों के लिए दया और परोपकार की भावना भरी हुई थी।

**प्रहलाद सबनानी.**

अरब देशों से भारत आए आक्रांता शुरू में तो केवल भारत में लूट खसोट करने के उद्देश्य से ही आए थे,` योंकि उन्होंने सुन रखा था कि भारत सोने की चिड़िया है एवं यहां के नागरिकों के पास स्वर्ण के अपार भंडार मौजूद हैं। परंतु, यहां आकर छोटे छोटे राज्यों में आपसी तालमेल एवं संगठन का अभाव देखकर उनका मन ललचाया और उन्होंने यहीं के राजाओं में आपसी फूट डालकर उन्हें आपस में लड़वाकर अपने राज्य को स्थापित करने का प्रयास प्रार भ किया। अन्यथा, आक्रांता तो सं या में बहुत कम ही थे, उनका साथ दिया भारत के ही छोटे छोटे राज्यों ने। भारत के कुछ राज्यों पर अपनी सत्ता स्थापित करने के बाद तो आक्रांताओं की हि मत बढ़ गई और फिर उन्होंने भारत की भोली भाली जनता पर अपना दबाव बनाना शुरू किया कि या तो वे अपना धर्म परिवर्तित कर इस्लाम मतपंथ को अपना लें अथवा मरने के लिए तैयार हो जाएं। कई मुस्लिम राजाओं ने तो हिंदू सनातन संस्कृति पर भी आघात किया और हजारों की सं या में मठ मंदिरों में तोड़ फोड़ कर इन मठ मंदिरों को भारी नु सान पहुंचाया। हिंदू सनातन संस्कृति पर कायम भारतीय जनता, आक्रांताओं के जुल्म, वर्ष 712 ईसवी से लेकर 1750 ईसवी तक, लगभग 1000 वर्षों तक झेलती रही। लाखों मंदिरों के साथ ही, मथुरा, वाराणसी, अयोध्या, सोमनाथ आदि मंदिर, जो हजारों वर्षों से भारतीय जनता की आस्था के केंद्र रहे हैं, इन मंदिरों को भी नहीं छोड़ा गया एवं इन मंदिरों में तोड़फोड़ कर इन मंदिरों पर अथवा इनके पास सटे हुए क्षेत्र में मस्जिद बना दी गई ताकि हिंदू सनातन संस्कृति पर सीधे आघात किया जा सके एवं हिंदू सनातन संस्कृति के अनुयायियों के आत्मबल को तोड़ा जा सके जिससे वे इस्लाम मतपंथ को अपना लें।

परंतु, भारत भूमि पर समय समय पर कई महान विभूतियों ने भी जन्म लिया है और अपने सदकार्यों से इस पावन धरा को पवित्र किया है। ऐसी ही एक महान विभूति थीं अहिल्याबाई होलकर, जिन्होंने आक्रांताओं द्वारा तोड़े गए एवं नष्ट किए गए मंदिरों के उद्धार का कार्य बहुत बड़े स्तर पर किया था। अहिल्याबाई होलकर का जन्म महाराष्ट्र के अहमदनगर के जामखेड़ स्थित चौंढी गांव में 31 मई 1725 को हुआ था। उनके पिता का नाम मानकोजी शिंदे था, जो मराठा साम्राज्य में पाटिल के पद पर कार्यरत थे। अहिल्याबाई का विवाह मालवा में होलकर राज्य के संस्थापक मल्हारराव होलकर के पुत्र खंडेराव से हुआ था। वर्ष 1745 में अहिल्याबाई के बेटे मालेराव का जन्म हुआ। इसके करीब 3 साल बाद बेटी मुक्ताबाई ने जन्म लिया। रानी अहिल्याबाई का जीवन संघर्षों से भरा रहा। उनकी शादी के कुछ वर्ष बाद ही 1754 में उनके पति खांडेराव का भरतपुर (राजस्थान)




के समीप कु हेर में युद्ध के दौरान निधन हो गया। वर्ष 1766 में ससुर मल्हारराव भी चल बसे। इसी बीच रानी ने अपने एकमात्र बेटे मालेराव को भी खो दिया। अंततः अहिल्याबाई को राज्य का शासन अपने हाथों में लेना पड़ा। अपनों को खोने और शुरुआती जीवन के संघर्ष के बाद भी रानी ने बड़ी कुशलता से राजकाज संभाल लिया। कुशल कूटनीति के दम पर उन्होंने न सिर्फ विरोधियों को पस्त किया बल्कि जीवनपर्यन्त सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में जुटी रहीं।

अहिल्याबाई ने देशभर में कई प्रसिद्ध तीर्थस्थलों पर मंदिरों, घाटों, कुओं और बावड़ियों का निर्माण कराया। साथ ही, उन्होंने सडकों का निर्माण करवाया, अन्न क्षेत्र खुलवाये, प्याऊ बनवाये और वैदिक शास्त्रों के चिन्तन-मनन व प्रवचन के लिए मन्दिरों में विद्वानों की नियुक्ति भी की। रानी अहिल्याबाई ने बड़ी सं या में धार्मिक स्थलों के निर्माण कराए। आपने सोमनाथ के मंदिर का पुनर्निर्माण करवाया, जिसे 1024 में गजनी के महमूद ने नष्ट कर दिया था। साथ ही सोमनाथ मंदिर के मु य मंदिर के आस-पास सिंहद्वार और दालानों का निर्माण करवाया। अहिल्याबाई ने हरिद्वार स्थित कुशावर्त घाट का जीर्णोधार कराकर उसे पक्के घाट में परिवर्तित कराया। उन्होंने इसी स्थान के समीप दत्तात्रेय भगवान का मंदिर भी स्थापित कराया। पिंडदान के लिए भी एक उचित स्थान का निर्माण करवाया। वाराणसी में सुप्रसिद्ध मणिकर्णिका घाट का निर्माण करवाया। राजघाट और अस्सी संगम के मध्य विश्वनाथ जी का सुनहरा मंदिर है। यह मंदिर 51 फुट ऊंचा और पत्थर का बना हुआ है। मंदिर के पश्चिम में गुंबजदार जगमोहन और इसके पश्चिम में दंडपाणीश्वर का पूर्व मुखी शिखरदार मंदिर है। इन मंदिरों का निर्माण अहिल्याबाई ने ही करवाया था। वाराणसी में ही अहिल्याबाई होल्कर ने अहिल्याबाई घाट तथा उसके समीप एक बड़ा महल बनवाया। महान संत रामानन्द के घाट के समीप उन्होंने दीपहजारा स्तंभ बनवाया। उन्होंने बहुत से कच्चे घाटों का जीर्णोद्धार कराया, जिसमें से शीतलाघाट प्रमुख है। इस प्राचीन नगर में महारानी ने हनुमान जी के भी एक मंदिर का निर्माण करवाया। काशी के समीप ही तुलसीघाट के नजदीक लोलार्ककुंड के चारों ओर कीमती पत्थरों से जीर्णोद्धार करवाया। इस कुंड का उल्लेख महाभारत और स्कन्दपुराण में भी मिलता हैं।

इसी प्रकार बद्रीनाथ और केदारनाथ में भी धर्मशालाओं का निर्माण करवाया। सन 1818 में कैप्टन स्टुअर्ट नाम का एक व्यक्ति हिमालय की यात्रा पर गया। वहां केदारनाथ के मार्ग पर तीन हजार फुट की ऊंचाई पर अहिल्याबाई द्वारा निर्मित एक पक्की धर्मशाला उसने देखी थी। बद्रीनाथ में तीर्थयात्रियों और साधुओं के लिए सदावर्त यानी हमेशा अन्न बांटने का व्रत लिया था। हिंदू धर्म में गंगाजी का व गंगाजल का बड़ा महत्व है। पूरे देश में स्थापित तीर्थस्थान भारत की एकात्मकता व राष्टीयता के परिचायक हैं। भारत के तीर्थों में गंगाजल पहुंचाने की श्रेष्ठ व्यवस्था द्वारा अहिल्याबाई ने धार्मिकता के साथ-साथ राष्ट्रीय एकात्मकता की प्राचीन परंपरा को नवजीवन दिया था।

अयोध्या, उज्जैन और नासिक में भगवान राम के मंदिर का निर्माण किया। उज्जैन में उन्होंने चिंतामणि गणपति के मंदिर का भी निर्माण करवाया। एलोरा, महाराष्ट्र में वर्ष 1780 के आस-पास घृणेश्वर मंदिर का पुनर्निर्माण करवाया। अहिल्याबाई को महेश्वर बहुत प्रिय था। उन्होंने यहां कई प्राचीन मंदिरों, घाटों आदि का जीर्णोद्धार कराया। इसके अलावा, कई नये मंदिर, घाट व मकान बनवाए। उन्होंने महेश्वर में अक्षय तृतीया के शुभ दिन घाट पर भगवान परशुराम का मंदिर बनवाया। जगन्नाथपुरी मंदिर को दान और आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम सहित महाराष्ट्र में परली वैजनाथ ज्योतिर्लिंग का भी कायाकल्प करवाया।

आपके शासनकाल में ग्रीष्म ऋतु में कई स्थानों पर प्याऊ का प्रबंध होता था व ठंड में गरीबों को कंबल बांटे जाते थे। इन सारे कार्यों के लिए कई कर्मचारी नियुक्त थे। आपकी सैन्य प्रतिभा के अनेक प्रमाण अभिलेखों में उपलब्ध हैं। उनकी सफल कूटनीति का साक्ष्य यह है कि विशाल सैन्य बल से सज्ज आक्रमण की नीयत से आए राघोबा को उन्होंने अकेले पालकी में बैठकर उनसे मिलने आने के लिए उसे विवश कर दिया था। डाकुओं और भीलों को उन्होंने समाज की मु य धारा में लाने का यत्न किया तथा समाज के उपेक्षित लोगों की सेवा को उन्होंने ईश्वर की सेवा माना। उनकी व्यावसायिक दूरदृष्टि का उदाहरण महेश्वर का वह वस्त्रोद्योग है जहां आज भी सैकड़ों बुनकरों को आजीविका मिलती है तथा यहां की साड़ियां विश्वप्रसिद्ध हैं। वे अद्भुत दृष्टि स पन्न विदुषी थीं।

अहिल्याबाई होलकर परम शिव भक्त थी। उनकी राजाज्ञाओं पर 'श्री शंकर आज्ञा' लिखा रहता था। श्री काशीनाथ त्रिवेदी जी कहते है कि ÷उनका [अहिल्याबाई] मत था कि सत्ता मेरी नहीं, स पत्ति भी मेरी नहीं जो कुछ है भगवान का है और उसके प्रतिनिधि स्वरूप समाज का है।÷ इस प्रकार उन्होंने समाज को भगवान का प्रतिनिधि माना और उसी को अपनी समूची स पदा सौंप दी। वह अपने समय में ही इतनी श्रद्धास्पद बनीं कि समाज ने उन्हें अवतार मान लिया। 8 मार्च 1787 के 'बंगाल गजट' ने यह लिखा कि देवी अहिल्या की मूर्ति भी सर्वसामान्य द्वारा देवी रूप से प्रतिष्ठित व पूजित की जाएगी।

महारानी अहिल्याबाई की पहचान एक विनम्र एवं उदार शासक के रुप में थी। उनके ह्रदय में जरूरमदों, गरीबों और असहाय व्यक्ति के लिए दया और परोपकार की भावना भरी हुई थी। उन्होंने समाज सेवा के लिए खुद को पूरी तरह समर्पित कर दिया था। अहिल्याबाई हमेशा अपनी प्रजा और गरीबों की भलाई के बारे में सोचती रहती थी, इसके साथ ही वे गरीबों और निर्धनों की संभव मद् के लिए हमेशा तत्पर रहती थी। उन्होंने समाज में विधवा महिलाओं की स्थिति पर भी खासा काम किया और उनके लिए उस वक्त बनाए गए कानून में बदलाव भी किया था। अहिल्याबाई के मराठा प्रांत का शासन संभालने से पहले यह कानून था कि, अगर कोई महिला विधवा हो जाए और उसका पुत्र न हो, तो उसकी पूरी संपत्ति सरकारी खजाना या फिर राजकोष में जमा कर दी जाती थी, लेकिन अहिल्याबाई ने इस कानून को बदलकर विधवा महिला को अपनी पति की संपत्ति लेने का हकदार बनाया। इसके अलावा उन्होंने महिला शिक्षा पर भी खासा जोर दिया। अपने जीवन में तमाम परेशानियां झेलने के बाद जिस तरह महारानी अहिल्याबाई ने अपनी अद य नारी शक्ति का इस्तेमाल किया था, वो काफी प्रशंसनीय है। अहिल्याबाई कई महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। अहिल्यादेवी ने 13 अगस्त 1795 को अपनी अंतिम सांस ली। भले ही वह आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उन्होंने अपने कर्मों से खुद को अमर बना लिया। जिस तरह से वह सभी तरह की कठिनाइयों से गुजरीं, वह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी।

# पत्रकार निज स्वार्थों से ऊपर उठकर जनहितेषी राष्ट हितेषी पत्रकारिता करें - शिवशंकर

### भिंड में देवर्षि नारद जयंती एवं पत्रकार स मान समारोह का आयोजन.



भिंड। देव ऋषि नारद को अपना आदर्श मानकर पत्राकार निज स्वार्थो से ऊपर उठकर जनहितेषी राष्ट हितेषी पत्रकारिता करने का कार्य करें। आपकी प्रभावी पत्रकारिता से समाज सुखी और समृद्ध होगा। उक्त उद्गार कुमरौहा रोड स्थित वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में देवर्षि नारद जयंती आयोजन समिति द्वारा आयोजित पत्रकार स मान एवं संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए (पर्यावरण गतिविधि) मध्य भारत प्रांत के प्रांतीय संयोजक श्री शिव शंकर जी ने व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमजेएस कॉलेज के प्रोफेसर अभिषेक यादव ने की।

कार्यक्रम को आगे संबोधित करते हुए श्री शिव शंकर ने कहा कि पत्रकार देव ऋषि नारद के कृतित्व और व्यक्तित्व का आशिक हिस्सा भी ग्रहण करें तो उनकी पत्रकारिता सार्थक हो सकती है। नारद जी ने सदैव त्यागपरक पत्रकारिता की। नारद जी को यदि हम पढ़ेंगे तो हमें बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। श्री शिव शंकर ने अपने उद्बोधन के माध्यम से समाज और पत्रकारों के लिए कई प्रश्न भी छोड़े। उन्होंने कहा कि राम के ही देश में राम और अयोध्या की बात करने वाले सांप्रदायिक घोषित कर दिए जाते हैं।

अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्रोफेसर अभिषेक यादव ने कहा कि पत्रकार सदैव उत्प्रेरक का कार्य करते हैं समाज में सकारात्मक खबरों को बढ़ाने का कार्य करते हैं। पत्रकार समाज को जागरुक कर समाज को शीर्ष पर ले जाने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में अतिथि परिचय आशीष शर्मा के द्वारा एवं आभार अरविंद भदोरिया के द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार गणेश भारद्वाज के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर देवर्षि नारद जयंती आयोजन समिति के द्वारा जिले भर के करीब आधा सैकड़ा से अधिक वरिष्ठ पत्रकारों का स मान अंग वस्त्र और डायरी-पैन भेंट कर किया गया। ज्ञात हो कि देवर्षि नारद जयंती आयोजन समिति भिंड के द्वारा प्रतिवर्ष यह आयोजन नारद जयंती के अवसर पर किया जाता है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों के लिए सहभोज का आयोजन किया गया इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा ज़िले के वरिष्ठ 56 पत्रकारों का स मान किया गया

# बुंदेलखंड में चली आ रही जातिगत व्यवस्था, यहां तीन जातियों के अलग-अलग कुएं

भोपाल। टीकमगढ़ जिले की ग्राम पंचायत सुजानपुरा जहां पर संविधान ने भले ही समाज को तीन भागों में बांट दिया हो, जिसमें सवर्ण, पिछड़ा वर्ग और हरिजन है। इसी तरह इस ग्राम पंचायत में पानी पीने के लिए तीन कुएं, बनाए गए हैं। यह व्यवस्था आज से नहीं बल्कि ब्रिटिश कालीन से है जो आज भी जारी है। जिसमें सवर्ण, पिछड़ा वर्ग और हरिजन के लिए इस ग्राम पंचायत में अलग-अलग कुएं खोदे गए हैं और तीनों एक साथ एक ही स्थान पर हैं। किसी की` या मजाल कि पिछड़े वर्ग का कुआं खाली हो और हरिजन उस पर पानी भरने के लिए चला जाए। यहां तक की हरिजन हरिजन के कुएं से पानी नहीं भर सकता है।

**सामाजिक वर्ण व्यवस्था पर आधारित है कुआं**

सामाजिक वर्ण व्यवस्था को बीते कई साल गुजर गए और आजादी मिले 75 साल, लेकिन इस ग्राम पंचायत में पानी के लिए जो कुआं बनाए गए हैं, वह वर्ण व्यवस्था पर आज भी आधारित है। एक लाइन में तीन कुआं, जिसमें सामान्य, पिछड़ा वर्ग का एक कुआं और हरिजन के लिए अलग-अलग 2 कुएं हैं। भले ही यहां का तापमान 46 डिग्री हो और तीनों कुओं पर सुबह से पानी के लिए लोगों की भीड़ लगी रहती है, लेकिन दोपहर होते-होते इन



कुओं पर पानी लेने वालों की सं या कम हो जाती है। अगर हरिजन के कुएं पर भीड़ है और सामान्य पिछड़ा का कुआं खाली पड़ा है तो कुएं से पानी नहीं भर सकता है।

गांव के रहने वाले राजेश वंशकार कहते हैं कि हरिजनों के लिए 2 कुआं खोदा गया था। वह खंडहर हो चुका है, ऐसे में वह लोग अन्य कुएं से पानी नहीं भर सकते हैं। यहां तक कि वंशकार समाज के लोग अहिरवार समाज के कुएं से पानी नहीं भर सकते, इसके लिए उन्हें गांव से 2 किलोमीटर दूर पानी लाना पड़ता है। गांव के ही रहने वाले राजकिशोर कहते हैं कि यह व्यवस्था आज से नहीं बल्कि सदियों से चली आ रही है। इसको लेकर ना तो किसी समाज या जाति में गिलानी है ना ही कभी भेदभाव होता है। यह व्यवस्था तो हजारों साल पुरानी है।


ग्राम पंचायत में सभी समाज जाति के लोग सौहार्द पूर्वक निवास करते हैं। सरपंच प्रतिनिधि रामसेवक यादव कहते हैं कि ग्राम पंचायत में अलग-अलग जातिगत मोहल्लों ने कुआं की व्यवस्था बना ली थी जो आज से नहीं सैकड़ों वर्षों से चली आ रही है। आज तक ना तो पंचायत में कोई विवाद हुआ है और ना ही इस तरह की समस्या कभी सामने आई है। जिस कारण से प्रशासन ने भी कोई पहल नहीं की है।

**सामाजिक न्याय मंत्री केंद्र में इसी लोकसभा से**

भारत सरकार में सामाजिक न्याय केंद्रीय मंत्री निवर्तमान वीरेंद्र कुमार खटीक टीकमगढ़ लोकसभा से हैं, जिसमें यह ग्राम पंचायत आती है। गांव के रहने वाले जग्गू अहिरवार कहते हैं कि अगर कोई व्यक्ति एक दूसरे के कुएं से पानी भर लेता है तो लड़ाई झगड़ा हो जाते हैं और मामला पुलिस तक पहुंच जाता है, इसलिए सभी समाज के लोग अपनी अपनी मर्यादा में रहते हैं। सामाजिक न्याय केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि अनुराग वर्मा कहते हैं कि अभी इस तरह का मामला उनके सामने नहीं आया है अगर ऐसी व्यवस्था है तो वह इस मामले को संज्ञान में लेंगे। टीकमगढ़ जिला समाज न्याय के संचालक राजेंद्र पस्तोर कहते हैं कि मामला अपने संज्ञान में लाया है निश्चित ही प्रशासन द्वारा वहां पर कैंप करके सामाजिक समरसता के लिए काम किया जाएगा।

# देवी अहिल्याबाई होल्कर का 300वाँ जन्म जयंती वर्ष समारोह 31 मई से.

### मध्य भारत में प्रांत स्तरीय आयोजन समिति का गठन, वर्षभर होंगे आयोजन




अहिल्याबाई होलकर

भोपाल। समाज, संस्कृति और राष्ट्र को समर्पित न्यायप्रिय देवी अहिल्याबाई होल्कर की 31 मई को 300वीं जन्म जयंती है। इस उपलक्ष्य में पूरे देश में वर्षभर देवी अहिल्याबाई पर केंद्रित विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। मध्य भारत प्रांत में वर्ष भर चलने वाले समारोह के आयोजन के लिये शनिवार को प्रांत स्तरीय आयोजन समिति का गठन किया गया।

समिति का गठन मध्यभारत प्रांत के संघचालक श्री अशोक पाण्डेय, प्रांत कार्यवाह श्री हेमंत सेठिया तथा प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति में हुआ। प्रांत स्तरीय आयोजन समिति के संरक्षक सुरेन्द्र मिश्रा और गिरीश जोशी है। समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार राऊत (पूर्व पुलिस महानिदेशक), उपाध्यक्ष कविन्द्र कियावत (पूर्व संभागायुक्त), डॉ. प्रियवंदा भसीन (नेत्र रोग विशेषज्ञ), सचिव डॉ. वंदना गांधी, सह सचिव रंजना चितले, वीरेन्द्र पाल, कोषाध्यक्ष सत्यकीर्ति राने सहित 15 सदस्य शामिल हैं। समारोह के दौरान वर्ष भर व्या यान, संगोष्ठी, शिक्षण संस्थानों में विविध प्रतियोगिताएं, नाट्य प्रस्तुतियां, पुस्तक प्रकाशन, प्रदर्शनी आदि गतिविधियों के माध्यम से देवी अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तिव और कृतित्व को जन-जन तक पहुंचाया जायेगा।

# संघ का सबसे बड़ा कार्य है, समाज में उदाहरण खड़े करना — स्वप्निल कुलकर्णी

### मध्यक्षेत्र के 20 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग 'कार्यकर्ता विकास वर्ग-1' का उद्घाटन

भोपाल। राष्ट्रीय स्वयंसवेक संघ के मध्य क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के लिए 'कार्यकर्ता विकास वर्ग-1' का आयोजन भोपाल के शारदा विहार परिसर में प्रारंभ हो गया है। वर्ग के उद्घाटन में क्षेत्र प्रचारक श्री स्वप्निल कुलकर्णी ने कहा कि संघ व्यक्ति निर्माण का कार्य करता है। समाज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में ऐसे निष्ठावान लोग खड़े होने चाहिए, जिनको देखकर अन्य लोग सीख लें। इसलिए हम कह सकते हैं कि संघ का सबसे बड़ा कार्य- 'समाज में उदाहरण खड़े करना है'। इस अवसर पर मंच पर वर्ग के सर्वाधिकारी श्री सोमकांत उमालकर भी उपस्थित थे। कार्यकर्ता विकास वर्ग में छत्तीसगढ़, महाकौशल, मालवा और मध्यभारत के कुल 382 स्वयंसेवक प्रशिक्षण प्राप्त करने आए हैं। 20 दिवसीय वर्ग में स्वयंसेवक सुबह 4ः30 बजे से रात्रि 10ः30 बजे तक अनुशासित दिनचर्या का पालन करते हुए संघ कार्य का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।




शिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए क्षेत्र प्रचारक श्री कुलकर्णी ने कहा कि देशभक्ति, त्याग और समर्पण की भावना के साथ हम राष्ट्रीय कार्य में जुड़ते हैं। इस कार्य को करने की कुशलता प्राप्त करने के लिए संघ की ओर से वर्गों का आयोजन करने की परंपरा है। सही अर्थों में कुशलता का नाम ही वर्ग है। संघ के वर्ग में कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण औपचारिक एवं अनौपचारिक ढंग से होता है। हम यहाँ के पाठ्यक्रम के साथ ही एक-दूसरे से भी सीखते हैं। प्रशिक्षण प्राप्त करते समय हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि यह प्रशिक्षण स्वयं के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ अपने कार्यक्षेत्र में संघ कार्य विस्तार के लिए उपयोगी है। हम यहाँ जो कुशलता प्राप्त करेंगे, उसका उपयोग संघ कार्य के विस्तार में करना है। उन्होंने कहा कि पुरुषार्थी कार्यकर्ताओं ने भावनाओं के साथ कुशलता से कार्य किया, तब जाकर आज संघ हमें विराट स्वरूप में दिखायी देता है।

उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग देश के लिए अपना समय, धन और मन देकर कार्य करनेवाले कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण है। प्रशिक्षण वर्ग से कार्यकर्ताओं में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। वर्ग में कार्यकर्ता हिन्दू समाज को मिलनेवाली चुनौतियों का सामना करने और सज्जनशक्ति को राष्ट्रीय कार्य में साथ लेने का कौशल सीखते हैं। उन्होंने कहा कि आज देश में ऐसी ताकतें सक्रिय हैं, जो हिन्दू समाज को विखंडित करने के प्रयास में लगी हुई हैं। वे हमें जाति, पंथ, स्त्री-पुरुष इत्यादि प्रकार के भेदों में बाँटने के लिए वैचारिक भ्रम उत्पन्न करते हैं। उन्होंने कहा कि विविधता हमारी कमजोरी नहीं अपितु हमारी विशेषता रही है। परंतु औपनिवेशिक ताकतों ने हमारे बीच विविधता को आधार बनाकर द्वेष और भेद उत्पन्न करने के षड्यंत्र रचे हैं। हमें इन षड्यंत्रों के प्रति जागरूक होना है और अपने समाज को भी जागरूक करना है। श्री कुलकर्णी ने कहा कि भारत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सबसे बड़ा उदाहरण है। हमारा समाज अनेक प्रकार की विविधताओं के होते हुए भी एक साथ रहता है। हमारे यहाँ एक-दूसरे पर एक-दूसरे की उपासना पद्धति को थोपा नहीं गया। उन्होंने कहा कि संघ के कार्यकर्ताओं को समाज की समस्याओं का समाधान देनेवाला बनना चाहिए।

**'कार्यकर्ता विकास वर्ग' के नाम से यह पहला वर्ग है**

श्री कुलकर्णी ने कहा कि डॉ टर साहब (संघ के संस्थापक सरसंघचालक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार) के समय से कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के लिए संघ शिक्षा वर्ग आयोजित करने की परंपरा शुरू हुई। अब तक क्षेत्र का यह वर्ग 'संघ शिक्षा वर्ग-द्वितीय वर्ष' के नाम से आयोजित होता था लेकिन अब यह 'कार्यकर्ता विकास वर्ग-1' के नाम से आयोजित होगा। उन्होंने 1940 में नागपुर में आयोजित ऐतिहासिक संघ शिक्षा वर्ग का भी उल्लेख किया, जिसमें पहली बार संपूर्ण भारत से स्वयंसेवक प्रशिक्षण हेतु शामिल हुए थे। संघ में जिला स्तर पर आयोजित सात दिन के प्रशिक्षण वर्ग को 'प्राथमिक वर्ग', प्रांत स्तर पर आयोजित 15 दिन के प्रशिक्षण वर्ग को 'संघ शिक्षा वर्ग', क्षेत्र स्तर पर आयोजित 20 दिन के वर्ग को 'कार्यकर्ता विकास वर्ग-1' और नागपुर में आयोजित अखिल भारतीय स्तर के वर्ग को 'कार्यकर्ता विकास वर्ग-2' कहते हैं।

**4 प्रांतों के 382 स्वयंसेवक ले रहे प्रशिक्षण**

संघ की रचना में मध्य क्षेत्र में चार प्रांत हैं- छत्तीसगढ़, महाकौशल, मालवा और मध्यभारत। इन चारों प्रांतों से कार्यकर्ता विकास वर्ग-1 में कुल 382 शिक्षार्थी आए हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ से 78, महाकौशल से 85, मालवा से 118 और मध्यभारत से 97 चयनित स्वयंसेवक शामिल हैं। वर्ग के संचालन के लिए 19 अधिकारियों की संचालन टोली है, जिसमें सर्वाधिकारी के अलावा वर्ग पालक श्री अशोक पोरवाल और वर्ग कार्यवाह श्री बलवंत राव इत्यादि शामिल हैं। इसके साथ ही शिक्षार्थियों के प्रशिक्षण के लिए प्रत्येक प्रांत से शिक्षक भी आए हैं। विभिन्न विषयों पर अखिल भारतीय, क्षेत्रीय एवं प्रांतीय अधिकारी भी शिक्षार्थियों का प्रबोधन करेंगे।

**समर्पित कार्यकर्ताओं के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन**

संघ कार्य में अपना जीवन समर्पित करनेवाले कार्यकर्ताओं के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी 'तेजोमय प्रतिबि ब तु हारे...' का आयोजन भी किया गया है। क्षेत्र प्रचारक श्री स्वप्निल कुलकर्णी और सर्वाधिकारी श्री सोमकांत उमालकर सहित अन्य अतिथियों ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यहाँ भारतीय ज्ञान के स्रोत सद्ग्रंथों को भी प्रदर्शित किया गया है, जिनमें चारों वेद, पुराण, स्मृतियां, संहिताओं सहित रामायण एवं महाभारत शामिल है।

## कांग्रेस कार्यालय में पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई



सिवनी यशोः- स्वतंत्रता सेनानी स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, आधुनिक भारत के शिल्पकार भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना जी की उपस्थिति में मनाई गयी, उपस्थित कांग्रेस जन ने नेहरू जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया, पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर विजय चैरसिया, विष्णु करोसिया, अतुलचंद मालू, घनश्याम सनोडिया, डालचंद बर्वे, गेंदलाल भलावी, मोहनसिंह ठाकुर, ध्रुवनारायण चैधरी, राजिक अकील, दीवान आजम अली, देवेन्द्र ठाकुर, तबरेज अली, एड़ राजेन्द्र सिसोदिया, तेजसिंह रघुवंशी, राजेश मानाठाकुर, विनोद नामदेव, ठा. जयप्रकाश सिंह परिहार, सुजीत गोदरे, सरदार बघेल, सतेन्द्र बघेल, नरेश नामदेव, विवेक, महेश सिंह बघेल, भूपेन्द्रसिंह राहंगडाले, रंजीत परिहार सहित अनेक कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

# अंजना-अंकित मिश्रा द पति को मारा चाकू, पति की मौत, पुलिस गिर त में आया हत्यारा

सिवनी यशोः- हत्या का आरोपी 48 घंटे के अंदर पुलिस गिर त में, दो दिन पूर्व मिश्रा द पति को चाकू मारकर किया था घायल (एक किलोमीटर पीछा कर पकडा पुलिस टीम ने) दिनांक 24/05/24 को ज्यारत नाका में रात्रि को सूचना प्राप्त हुई कि एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा मिश्रा द पति को चाकू मारकर घायल कर दिया है और आरोपी चाकू मारकर मौके से भाग गया है।



मौके पर तस्दीक उपरांत पाया गया कि अंकित मिश्रा नाम का व्यक्ति जो अपनी पत्नि अंजना मिश्रा के साथ ज्यारत नाके में दुकान लगाते वक्त एक व्यक्ति को धक्का लग जाने की बात पर से पति पत्नि दोनो को पेट में चाकू मार कर घायल कर दिया गया है। घायलों को तत्परता से उपचार हेतु जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

अंकित मिश्रा एवं उसकी पत्नि को राकेश यादव उर्फ पप्पू यादव उर्फ मद्दी नामक व्यक्ति ने पुराने विवाद पर से चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। दोनो घायलो को मेडीकल कालेज जबलपुर रिफर कर दिया गया था, ईलाज दौरान अंकित मिश्रा की मृत्यु हो गई।

पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी गंज तरफ देखा गया है जो सारी टीम एक साथ पहुंचकर आरोपी तलाश की आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा खेत में लगभग एक किलो मीटर पीछा कर आरोपी को पकडा गया । आरोपी को गिर तार कर घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया एवं आरोपी को गिर तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा रहा है।

पुलिस ने बताया है कि आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का है। आरोपी वर्ष 2019 में एक मोटर पंप चोरी के मामले में गिर तार हुआ था जो थाना कोतवाली में अप.क्र. 307/19 धारा 379 ताहि. में जेल भेजा गया था साथ ही वर्ष 2020 में सिवनी निवासी रवि यादव से मार पीट कर नेलकटर से चोट पहुंचाया था जिस पर थाना कोतवाली में अप. क्र. 818/20 धारा 294,324,506 ताहि. पंजीबद्ध किया गया था

**नाम पता आरोपी:-** 1. राकेश यादव उर्फ पप्पू यादव उर्फ मद्दी पिता काशीराम यादव उम्र 27 वर्ष निवासी मालू पेट्रोल पंप के पीछे दलसागर चौपाटी सिवनी

## पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति के लिए MPTAAS Portal में 31 मई तक करें ऑनलाईन आवेदन

सिवनी यशोः- सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसं यक कल्याण विभाग द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि पिछड़ा वर्ग छात्र/छात्राओं की छात्रवृत्ति योजनांतर्गत शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए छात्र/ छात्राओं द्वारा किसी कारण छात्रवृत्ति आवेदन नहीं किया गया था, ऐसे समस्त विद्यार्थी MPTAAS Portal पर नवीन एवं नवीनीकरण एवं शैक्षणिक सत्र 2023-24 के नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन 31 मई 2024 तक कर सकते हैं।

## लोकायुक्त कार्यालय में लगी आग से कार्यालयीन दस्तावेज एवं शासकीय रिकार्ड की कोई भी क्षति नहीं हुई

भोपाल । प्रभारी अनुभाग अधिकारी लोकायुक्त कार्यालय भोपाल ने जानकारी दी कि लोकायुक्त कार्यालय भोपाल के एफ ब्लॉक, पुराना सचिवालय की पुरानी बिल्डिंग की बाउंड्री के पास रखे कार्यालय के अनुरक्षण कार्य की अनुपयोगी सामग्री में 26 मई, 2024 को दोपहर 2 बजे आग लग गई थी।

अनुभाग अधिकारी लोकायुक्त ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने पर नगर निगम भोपाल के माध्यम से तत्काल दमकल की व्यवस्था की गई थी। दमकल द्वारा समय पर आग बुझा दी गई। आग कार्यालय के प्रांगण में बाउंड्री के पास रखे कार्यालय के अनुरक्षण कार्य के अनुपयोगी सामग्री में लगी थी। इस कारण केवल अनुपयोगी सामग्री ही जली है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई कार्यालयीन दस्तावेज नहीं जले तथा शासकीय रिकार्ड की कोई क्षति भी नहीं हुई।

आग लगने के कारण की जानकारी नहीं है। आग लगने की सूचना संबंधित थाना कोहेफिजा, भोपाल को दी गई है।

## मतगणना तैयारियों की कले टर सिंघल ने की समीक्षा

### नोडल अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल ने सोमवार 27 मई को मतगणना के लिए नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की। कले टर श्री सिंघल ने नोडल अधिकारीवार सौंपे दायित्वों की प्रगति की जानकारी लेकर अधिकारियों से चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए।



कले टर श्री सिंघल ने मतगणना स्थल पॉलिटेि नक कॉलेज में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंधन, मतगणना के लिए कर्मचारी-अधिकारी की नियुक्ति तथा उनके प्रशिक्षण, ईव्हीएम के रूट चार्ट तथा संलग्न कर्मचारियों के प्रशिक्षण की स्थिति, मतगणना उपरांत ईव्हीएम की सीलिंग की व्यवस्था, वीडियोग्राफी एवं सीसीटीवी की व्यवस्था तथा क युनिकेशन रूम और मीडिया सेंटर सहित अन्य सभी जरूरी व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने मतगणना स्थल पर मतगणना कर्मियों के लिए नाश्ता, भोजन तथा पेयजल की उपलब्धता के साथ-साथ मेडिकल टीम की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारी को दिए हैं। इसके अतिरिक्त अग्निशामक, जनरेटर तथा ए बुलेंस अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता के लिए भी अ धिकारियों को निर्देशित किया गया है।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, अपर कले टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री सी एल चिनाप, अपर कले टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित अन्य सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

## स्टेंडिंग कमेटी की बैठक 31 मई को

सिवनी यशोः-लोकसभा निर्वाचन- 2024 अंतर्गत आगामी 04 जून 2024 को शासकीय पॉलिटेि नक कॉलेज सिवनी में होने वाली मतगणना को लेकर कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में शुक्रवार 31 मई 2024 को दोपहर 11 बजे से कले ट्रेट सभाकक्ष सिवनी में स्टेंडिंग कमेटी की बैठक आहूत की गई है। उक्त बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिकदलों के प्रतिनिधियों अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की गई है।

स्टेंडिंग कमेटी की बैठक 31 मई को

सिवनी यशोः-लोकसभा निर्वाचन- 2024 अंतर्गत आगामी 04 जून 2024 को शासकीय पॉलिटेि नक कॉलेज सिवनी में होने वाली मतगणना को लेकर कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में शुक्रवार 31 मई 2024 को दोपहर 11 बजे से कले ट्रेट सभाकक्ष सिवनी में स्टेंडिंग कमेटी की बैठक आहूत की गई है। उक्त बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिकदलों के प्रतिनिधियों अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की गई है।

## घंसौर पुलिस द्वारा 24 घंटे में बरामद किया लूटा गया वाहन

सिवनी यशोः- दिनांक 24/05/2024 को प्रार्थी राहुल पिता फूलसिंह वाल्मिकी उम्र 24 साल निवासी गुरूनानक वार्ड गोटेगांव जिला नरसिंहपुर ने रिपोर्ट लेख कराया कि कार वेन्यू कार क्रमांक MP-20-ZF-9888 से राजेश झारिया का इलाज कराने जबलपुर जाने के लिये घंसौर के लिये निकले थे रास्ते में लघु शंका करने लिये घंसौर रोड करीब दो तीन किमी, आगे रूके थे जहाँ पर तीन लड़के गाड़ी के पास आये तथा कट्टा दिखाकर बोले हल्ला मत करना चुपचाप गाड़ी मो बैठो नही तो गोली मार देंगे कहकर हमें गाड़ी में बैठा लिये जिसमें से तीन लडके हट्टे कट्टे थे उम्र करीब 30-35 साल के थे जिसमे से एक व्यक्ति चेहरा बांधा हुआ था गाड़ी उन में से एक व्यक्ति गाड़ी चलाने लगा तथा बैरियर बालपुर तक आये तथा बैरियर तोड़कर गाड़ी आगे बड़ा दिये तथा घंसौर के पास सामने से ट्रक आया जिससे गाड़ी धीरे हुई तब हम लोग गेट खोलकर गाड़ी से बाहर निकल गये फिर वो तीनो लोग हमारी वेन्यू कार क्रमांक MP-20-ZF-9888 को छीन कर जबलपुर की ओर भाग गये। कार का कीमत 14,50,000/- रुपये है । रिपोर्ट पर थाना घंसौर में अपराध क्रमांक 174/2024 धारा 392 ता. हि. का कायम कर विवेचना में लिया गया ।

उक्त प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री राकेश कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी. डी. शर्मा के निर्देशन में एवं एसडीओपी सुश्री नम्रता सोंधिया के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी घंसौर को अज्ञात आरोपियों की पतासाजी हेतु निर्देशित किया गया ।

थाना प्रभारी घंसौर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर टीम द्वारा अज्ञात आरोपी की पतासाजी के प्रयास प्रारंभ किये गये। पुलिस टीम द्वारा विवेचना के दौरान दिनांक 25/05/2024 को ग्राम सगड़ा थाना बरेला जिला जबलपुर से वेन्यू कार क्रमांक MP-20-ZF-9888 को 24 घंटे अंदर बरामद किया गया है।

**जप्त संपत्ति** - वेन्यू कार क्र.MP-20-ZF-9888 कीमती 14,50,000/- रुपये

मु य **भूमिका-** निरीक्षक अनिल कुमार पटेल, उनि रूकसार बानो, प्रआर. 224 परवेज सिद्दीकी, आर. 683 मनोज पारधी, आर. 723 लक्ष्मण उइके, आर. 672 राजा पवार की भी मु य भूमिका रही ।

## आईटीआई में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन 10 जून तक

सिवनी यशोः- प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि जिले की समस्त आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। आवेदक अपना रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन माध्यम से 10 जून 2024 तक प्रवेश पोर्टल www.dsd.mp. gov.in पर कर सकते हैं तथा प्रवेश से संबधित समस्त जानकारी www.dsd.mp.gov.in पोर्टल पर जाकर प्राप्त की जा सकती है। आईटीआई सिवनी में संचालित व्यवसाय कं प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (NCVT), इले ट्रीशियन (NCVT), डेस्कटॉप पब्लिसिंग ऑपरेटर (NCVT), इले ट्रॉनि स मैकेनिक (NCVT), मैकेनिक डीजल (NCVT), फिटर (NCVT), स्टेनों हिंदी (NCVT), मशीनिश्ट (SCVT), कारपेंटर (NCVT), मैकेनिक मोटर व्हीकल (NCVT), वेल्डर (NCVT), टर्नर (SCVT) एवं ड्रा ट्समेन सिविल (NCVT) व्यवसाय में प्रवेश लेकर अपना भविष्य उज्जवल बनाए। अधिक जानकारी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी में कार्यालयीन दिवस में संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। । संस्था में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 14 वर्ष है। कारपेंटर व्यवसाय में प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 08 वीं उत्तीर्ण है तथा अन्य सभी व्यवसाय में प्रवेश के लिए कम से कम 10 वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

## मतगणना को लेकर राजस्व अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

सिवनी यशोः- लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत आगामी 04 जून को होने वाली मतगणना को लेकर सोमवार 27 मई को सहायक रिटर्निंग अधिकारियों एवं अन्य राजस्व अधिकारियों का प्रशिक्षण कले ट्रेट सभाकक्ष में कले टर श्री क्षितिज सिंघल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर द्वारा सहायक रिटर्निंग अधिकारी के रूप में नियुक्त राजस्व अधिकारियों को उनके दायित्वों के साथ-साथ मतगणना दिवस में की जाने वाली कार्यवाही के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही अन्य राजस्व



अधिकारियों को उन्हें सौंपे गए अन्य सभी कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। कले टर श्री सिंघल ने सभी अधिकारियों को एकाग्रचित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने की बात कही। उन्होंने सभी अधिकारियों को उनके द्वारा निष्पादित की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में अपनी सभी शंकाओं का निदान कराने के निर्देश दिए ताकि मतगणना दिवस में गलती की कोई संभावना न रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर कले टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री सी एल चिनाप, चारों विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा अन्य सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## थाना धूमा पुलिस जप्त की लावरिस खडी कार कार्यवाही जारी

सिवनी यशोः- पुलिस अधीक्षक सिवनी राकेश कुमार सिंह द्वारा जिले मे हो रहे अपराधो मे अंकुश लगाने हेतु जिले के सभी थाना प्रभारीयो को आदेशित किया गया था। आदेश के पालन मे थाना स्तर पर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। इसी दौरान थाना धनौरा क्षेत्र मे मो.सा. से लूट की वरादात की सूचना प्राप्त हुई जो श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राकेश कुमार सिंह के आदेशानुसार श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक सिवनी जी डी शर्मा के निर्देशन मे तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्ग दर्शन मे थाना पुलिस स्टाफ द्वारा जगह जगह चेक पोस्ट बनाकर चेकींग प्रारंभ की गई इसी दौरान सूचना मिली की कहानी रोड पर बैगापिपरिया जाने के रास्ते के पास जंगल मे रोड किनारे पर एक कार लाबारिस अवस्था मे खडी है। जो मौके पर बताये स्थान पर बैगापिपरिया कहानी रोड जंगल के किनारे पर तश्दीकी हेतु गवाहान संजय झारिया पिता शंकरलाल झारिया उम्र 32 बर्ष निवासी धूमा व रामसिंह पिता छत्तर सिंह मरावी उम्र 45 बर्ष निवासी डोगरगांव के समक्ष मौके पर देखा एक मारुति क पनी की कार रंग ग्रे जिसके न वर प्लेट नही है गाडी का ईजिन न बर चेक करने पर न बर k12MN7264156 चेचिस न बर MA3EWB22SJE 492671 अंकित है । गाडी का चेचिस न वर से पीओएस मशीन से न बर चेक करने पर रजिस्ट्रेशन न बर MP49C6360 होना पाया गया। कार लावारिस हालत मे खड़ी होना व बाहन स्वामी का आसपास स्थानो पर पता लगाया गया जो जानकारी नही लग सकी। कार का लाबारिस अवस्था मे पाये जाने पर धारा 25 पुलिस ऐ ट के अन्तर्गत जप्ती कार्यवाही समक्ष गवाहान के की गई। लाबारिस कार को थाना लाकर खड़ी कराया गया। लाबारिस कार की उचित निराकरण हेतु इस्तगाशा क्र 1/24 धारा 25 पुलिस ऐ ट की कायमी कर इस्तगाशा श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोदय लखनादौन के समक्ष पेश किया जाता है। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी धूमा उपनिरी0 सतीश उइके, सउनि सौरभ शर्मा, प्र. आर. 118 दिलराज मारपे, प्र. आर. 338 राधेकृष्ण उपाध्याय, आर. 617 सतीश ठाकुर, आर.500 रवि यादव आर. 481 सुरेन्द्र उइके, आर. 489 अरूण पटेल एवं आर. 111 नेकसिह उइके पायलेट अखिलेश साहू का सराहनी योगदान रहा।

थाना- धूमा इस्त. क्र. - 01/2024, जिला- सिवनी, धारा-25 पुलिस ऐ ट

जप्ती - 01 मारुति क पनी की बलेनो कार ग्रे कलर की ईजिन न बर k12MN7264156, चेचिस न बर MA3EWB22SJE 492671 है ।

## पांच जून पर्यावरण दिवस से गंगा दशमी तक जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए चलेगा अभियान - मु यमंत्री डॉ. यादव

**नदी, कुएं, तालाब, बावड़िया आदि की सफाई के लिए जनभागीदारी से होंगी गतिविधियां**

**जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में चलेगा अभियान, कले टर करेंगे समन्वय**

**मु यमंत्री ने मीडिया के लिए जारी संदेश में दी जानकारी**

भोपाल :- मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 5 जून पर्यावरण दिवस से गंगा दशमी पर्व तक जलस्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए संपूर्ण प्रदेश में अभियान चलाया जाएगा। दस दिन की अवधि में हर जिले में जल के स्त्रोतों, जैसे नदी, कुएं, तालाब, बावड़ियों आदि को स्वच्छ रखने और आवश्यकता होने पर उनके गहरीकरण के लिए गतिविधियां संचालित की जाएंगी। यह कार्य जनसहभागिता से से होगा। इससे जल स्त्रोतों के प्रति सामाजिक चेतना जागृत करने और जनसामान्य का जल स्त्रोतों से जीवंत संबंध विकसित करने में मदद मिलेगी। गंगा दशमी पर्व माँ गंगा का अवतरण दिवस है और माँ गंगा से ही भारतीय संस्कृति विश्व में जानी जाती है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में इस अभियान का नेतृत्व जनप्रतिनिधि करेंगे और जिला कले टर गतिविधियों का समन्वय करेंगे। मु यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया के लिए जारी संदेश में यह बात कही।

**" जल ही जीवन है" केवल स्लोगन नहीं, हम जलस्त्रोतों से ही जीवन पाते हैं**

मु यमंत्री डॉ. यादव ने सभी सामाजिक, शासकीय, अशासकीय संस्थाओं, जनअभियान परिषद से जुड़े संगठनों से अभियान में शामिल होने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जनसहभगिता से जल संरचनाओं का चयन किया जाए और जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए सघन जनजागृति के कार्यक्रम चलाये जाएं। इससे भविष्य के लिए जल संरक्षण के संबंध में कार्य योजना बनाने में मदद मिलेगी। इस अवधि में होने वाले धार्मिक मान्यताओं के कार्यक्रम जैसे उज्जैन की क्षिप्रा परिक्रमा, चुनरी उत्सव, नर्मदा जी के किनारे होने वाले धार्मिक कार्यक्रम भी पूरी श्रद्धा के साथ आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 212 से अधिक नदियां हैं, पेयजल की आपूर्ति में नदियां, बावड़ियां, कुएँ व तालाब महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, ÷जल ही जीवन है÷ केवल स्लोगन नहीं है, यह जल स्त्रोतों की हमारे जीवन में भूमिका से स्पष्ट होता है। हमारी यह पीढ़ी इन जल संरचनाओं की महत्ता से परिचित हो, हमारा संबंध जल संरचनाओं से अधिक प्रगाढ़ हो, यही इस अभियान का उद्देश्य है।

**जल संरचनाओं को जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा**

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान के दौरान नदियों और तालाबों से गाद या खाद के रूप में निकलने वाली मिट्टी, किसानों को खेतों में उपयोग के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। जल संरचनाओं पर किये गये अतिक्रमणों को जिला प्रशासन द्वारा मुक्त हटाया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान के संबंध में अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रारंभिक रूप से यह अभियान 5 से 15 जून तक चलाया जाएगा। इसके बाद अभियान की अवधि बढ़ाई जा सकती है। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आशा है कि इस वर्ष पर्यावरण दिवस से गंगा दशमी तक सबकी सहभगिता के साथ पेयजल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए प्रभावी कार्य होंगे जो हमें गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान करेंगे।

**अभियान के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा नगरीय विकास एवं आवास होंगे नोडल विभाग**

नमामि गंगे परियोजना के नाम से आरंभ हो रहे जलस्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के विशेष अभियान के लिए ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा नगरीय क्षेत्र में नगरीय विकास एवं आवास, नोडल विभाग होंगे। जल संरचनाओं के चयन और उन्नयन कार्य में जीआईएस तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इन स्थलों की मोबाइल एप के माध्यम से जियो -टैगिंग की जाएगी। सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से जल संरचनाओं के आसपास स्वच्छता बनाए रखने, जल संरचनाओं के किनारों पर अतिक्रमण रोकने के लिए फेंसिंग के रूप में वृक्षारोपण करने जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाएगा और जल संरचनाओं के किनारों पर बफर जोन तैयार कर उन्हें हरित क्षेत्र या पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा। जल संरचनाओं में मिलने वाले गंदे पानी के नाले-नालियों को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत डायवर्जन उपरांत शोधित कर जल संरचनाओं में छोड़ा जाएगा।

**रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए चलेगा जागरूकता अभियान**

राज्य शासन द्वारा अमृत 2.0 योजना के तहत जल संरचनाओं के उन्नयन का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत नदी, झील, तालाब, कुओं, बावड़ी आदि के पुनर्जीवीकरण/ संरक्षण व संरचनाओं के उन्नयन का कार्य स्थानीय सामाजिक, प्रशासकीय संस्थाओं के साथ मिलकर जनभागीदारी से कराए जाएंगे। प्रयास होगा कि जल संरचनाओं का उपयोग जल प्रदाय अथवा पर्यटन, भू-जल संरक्षण, मत्स्य पालन अथवा सिंघाड़े के उत्पादन के लिए भी किया जा सके। रिहायसी इलाकों में बंद पड़े रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की साफ-सफाई कर उनके पुन~ उपयोग के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। निकायों को नाले-नालियों की साफ-सफाई, वाटर ड्रेनिंग मैनेजमेंट, घाट निर्माण, वृक्षारोपण जैसी गतिविधियों के संबंध में भी विस्तृत निर्देश दिए गए हैं।

## तीन नये कानूनों का प्रशिक्षण पुलिस कंट्रोल रूम मंडला में प्रारंभ

**मंडला पुलिस के समस्त विवेचको को प्रशिक्षण देगे मास्टर ट्रेनर्स**



मंडला यशोः- तीन नवीन अधिनियम भारतीय न्याय संहिता -2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता -2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम -2023 को 01 जुलाई 2024 से लागू किये जाने के स बन्ध में अधिसूचना भारत सरकार ने पूर्व में ही जारी कर दी है 7 इस स बन्ध में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों के लगभग 212 से भी अधिक अधिकारियों को पुलिस मु यालय स्तर पर मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण प्रदान किया हैं। पुलिस मु यालय के निर्देशानुसार प्रशिक्षण प्राप्त विधि विशेषज्ञो एवं मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जिले के थानों एवं अन्य शाखाओं में नियुक्त विवेचकों के प्रशिक्षित करने हेतु पुलिस कंट्रोल रूम मंडला में 27 मई 2024 से कार्यशाला को शुरू किया गया7 इसी क्रम में लगातार अलग अलग चरणों में दिये जाने वाले प्रशिक्षण में थानों में पदस्थ पुलिस कर्मियों को नये अधिनियमों के संबंध में विस्तार से जानकारी एवं बारीकियों के संबंध में बताया जा रहा हैं। आज प्रशिक्षण के शुरूआत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा उपस्थित विवेचकों को नवीन अधिनियम के संबंध में जानकारी दी गयी। आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में थाना प्रभारी कोतवाली मंडला निरीक्षक शफीक खान, महिला थाना प्रभारी आरती ईईके, उप निरीक्षक प्रीती वर्मा व अन्य विवेचकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

# सबसे अधिक मुनाफा और पौष्टिक तत्वों वाली है मोटे अनाज की खेती - कले टर

## प्रशिक्षण में बताए गए कोदो-कुटकी की व्यावसायिक खेती के तरीके

**जारगी में आयोजित की गई कृषक संगोष्ठी**

मंडला यशोः- मंडला विकासखंड के ग्राम जारगी में कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें किसानों को जैविक खेती के बढ़ते महत्व तथा कोदो-कुटकी, चिया, रागी आदि मिलेट्स की खेती को व्यावसायिक रूप प्रदान करने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि देश-दुनिया में मोटे अनाज की मांग लगातार बढ़ रही है। कृषक संगोष्ठी में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, उपसंचालक कृषि मधु अली, परियोजना अधिकारी आत्मा परियोजना आरडी जाटव सहित संबंधित उपस्थित रहे।

अब अधिक मुनाफा दे रही है मोटे अनाज की खेती कले टर डॉ. सिडाना ने कहा कि कोदो-कुटकी सहित अन्य मोटे अनाज में पौष्टिक तत्व होते हैं, जो हमें विभिन्न प्रकार के रोगों से बचाते हैं। वैज्ञानिक भी कोदो-कुटकी, चिया, रागी आदि मिलेट्स के उपयोग की सलाह देते हैं जिसके कारण इनकी मांग लगातार बढ़ती जा रही है।




मोटे अनाज की खेती अब अधिक मुनाफा दे रही है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि कोदो-कुटकी की खेती में उन्नत किस्म के बीज लगाएं तथा खेती में वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग करें। मोटे अनाज की खेती में पानी की आवश्यकता कम पड़ती है। कले टर ने कोदो-कुटकी के संग्रहण, प्रसंस्करण तथा मार्केटिंग आदि के संबंध में भी चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कतार पद्धति से करें बोनी प्रशिक्षण में विषय-विशेषज्ञों द्वारा बतलाया गया कि खेती में कतार पद्धति से बोनी करनी चाहिए। प्रत्येक बीज से उपज प्राप्त होती है। वहीं छिड़काव पद्धति से बीज अधिक लगता है जिससे कृषि की लागत बढ़ती है।

प्रशिक्षण में कोदो-कुटकी की खेती में कृषि यंत्रों के उपयोग तथा उपलब्धता के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर किसानों ने अपने अनुभव साझा किए तथा अपनी शंकाओं के संबंध में समाधान प्राप्त किया। मृदा सुधार के लिए जैविक खाद का करें उपयोग। प्रशिक्षण में किसानों को बताया गया कि कोदो-कुटकी, रागी, आदि मोटे अनाज की खेती में रसायनिक खाद की आवश्यकता नहीं है। जैविक खाद का उपयोग कर मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाई जा सकती है और उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। इन फसलों के लिए गोबर खाद, केंचुआ खाद, जीवामृत का उपयोग किया जा सकता है जो मिट्टी की उत्पादन क्षमता बढ़ाने में मददगार होते है।

## कले टर एवं पुलिस अधीक्षक ने पॉलिटेंर्ति नक कॉलेज पहुँचकर देखी मतगणना की तैयारियां

**अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश**

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल एवं पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने सोमवार 27 मई को पॉलिटेंर्ति नक कॉलेज पहुंचकर आगामी 4 जून को लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत होने वाली मतगणना की तैयारी का अवलोकन किया । कले टर श्री सिंघल एवं पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने विधानसभावार प्रस्तावित मतगणना कक्षों का अवलोकन कर लगाए गये मतगणना टेबल, बेरिकेड्स, गणना कर्मियों एवं अभिकर्ता के प्रवेश मार्ग के साथ-साथ राउण्डवार रिजल्ट की तैयारी तथा उसके प्रसारण की व्यवस्था को लेकर विस्तृत दिशा निर्देश दिये। उन्होंने स पूर्ण परिसर की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था, व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था के लिए भी विस्तृत दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

# जिले का किसान कालातीत ना हो

बालाघाट। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, बालाघाट बैंक अंतर्गत 126 सहकारी समितियों में क्रिस योजना के तहत शिविर का आयोजन कले टर व बैंक प्रशासक डा गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उक्ताशय की जानकारी 27 मई को आयोजित वीसी के माध्यम से दैनिक बैंकिंग कार्यो की समीक्षा के दौरान बैंक सीईओ आर.सी. पटले द्वारा बताया गया । श्री पटले ने कहा कि गत दिवस कटंगी में क्रिस योजना के अंतर्गत वसूली हुई है। इसी तरह क्षेत्र के राजस्व अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य किए जाने के निर्देश दिए गए। श्री पटले ने धारा 84, 85 के प्रकरणों, रबी, खरीफ ऋण वितरण, खाद, बीज, पै स ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर की भी शाखा व समितीवार समीक्षा की गई। श्री पटले ने बताया कि गत सप्ताह वसूली हेतु दिए गए लक्ष्य को शाखाओं, समिति द्वारा पूरा किया गया है। इसके अलावा इस सप्ताह वसूली का लक्ष्य भी प्रदाय किया गया है, ज्ञात हो कि वसूली के इस सीजन में सभी शाखाओं को अलग अलग लक्ष्य आबंटित किया गया है। जिन्हें 02 जून तक आबंटित लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है । यदि तय समय सीमा में वसूली के लक्ष्य पूर्ण नही किया जाता है तो संबंधित शाखा और समिति के कर्मचारियों पर कार्यवाही की जावेगी। इस अवसर पर आर.के. असाटी विपणन अधिकारी, सारंग बिसेन, रौनक चौकसे, प्रतीक कुंडले, राजनंदनी परिहार, संजय गोले उपस्थित रहे।

इस दौरान श्री पटले ने समिति के बैलेंस शीट, रबी व खरीफ ऋण, कृषि और अकृषि ऋण वसूली की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। श्री पटले ने निर्देशित किया कि जिले का कोई भी पात्र किसान कालातीत ना हो।

## अज्ञात वृद्धा का कारीरात में मिला शव

सिवनी यशोः- जिले के लखनवाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कारीरात में रेल की पटरी के किनारे एक अज्ञात वृद्ध महिला की लाश प्राप्त हुई है ।



दोपहर के बाद लगभग चार बजे किसी स्थानीय व्यक्ति ने देखा की वृद्धा का शव पड़ा है । इसकी सूचना पुलिस को दी गयी लखनवाड़ा पुलिस ने ग्रामवासियों की उपस्थिती में पंचनामा बनाकर मर्ग कायम कर वृद्धा का शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है ।

महिला की मौत का कारण हालांकि अज्ञात है परंतु माना जा रहा है कि उक्त वृद्धा की मौत तेज धूप के कारण चक्कर आने से हुई है । कारीरात का यह क्षेत्र एकांत क्षेत्र है यहाँ खेतो में किसी प्रकार की फसल न होने से किसान भी इस क्षेत्र में आना जाना नहीं करते है । उक्त महिला यहाँ घूमते हुये पहुँचने का अनुमान है और यहाँ प्यास और भूख के कारण मौत होने की संभावना जताई जा रही है ।

## कोतवाली पुलिस द्वारा स्थानो पर 04 सटोरियों पर कार्यवाही

सिवनी यशोः- पुलिस कोतवाली सिवनी द्वारा गत दिवस नगर में चल रहे अवैध सट्टा के कारोबार पर रोकथाम के लिये चार अलग अलग स्थानों पर छापामार कार्यवाही करते हुये । चार सटोरियों पर कार्य वाही की है । जिला पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह द्वारा लगातार जुआडियो व सटोरियो पर कार्यवाही हेतु स ती से निर्देशित किया गया है, आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूदत्त शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) श्रीमती पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में सटोरियो पर कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी कोतवाली सिवनी सतीश तिवारी द्वारा स्वयं के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित कर साई राम अस्पताल कर्वे कलोनी, गोंडी मोहल्ला, अ बेडकर वार्ड एवं दलसागर तालाब रोड चार अलग अलग स्थानो पर मुखबिर की सूचना पर सट्टा पर छापामार कार्यवाही की गई और आरोपियो के विरूद्ध सट्टा ऐ ट के तहत कार्यवाही की गई । इस कार्यवाही में लता पति धनीराम कुल्हाडे निवासी कर्वे कालोनी साई राम अस्पताल के पास सिवनी, किशोर दास पिता जागेश्वर दास वैष्णव निवासी भैरोगंज सिवनी, रघुवीर डेहरिया पिता जगदीश डेहरिया निवासी पुरान बैल बाजार अ बेडकर वार्ड सिवनी एवं नरेन्द्र राय पिता रि खीराम निवासी गिरजाकुंड अशोक वार्ड सिवनी के पास से 2755/- रूपये नगदी, सट्टा पट्टी, कार्बन, डाट पेन जप्त किये गये है । इस कार्यवाही में विशेष भूमिका निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि ओमप्रकाश धौलपुरी, अमित रघुवंशी,आर. विक्रम,आर. प्रतीक, आर शिवम म. आर. फरहीन, म.आर दीपाली, म.आर रीना की रही

## मतगणना व्यवस्था के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

सिवनी यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल ने लोकसभा निर्वाचन- 2024 अंतर्गत आगामी 04 जून 2024 को शासकीय पॉलिटेंर्ति नक कॉलेज सिवनी में होने वाली मतगणना कार्यो व्यवस्थित संचालन एवं भीड़ को नियंत्रित करने, सुरक्षा-कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए डिप्टी कले टर कार्यालय कले टर सिवनी श्रीमती पूर्वी तिवारी, संयुक्त कले टर सुश्री प्रियंका वर्मा, डिप्टी कले टर सुश्री रेखा देशमुख एवं सहायक अधीक्षक कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख सिवनी राकेश खंपरिया को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त कर विभिन्न दायित्व सौंपे हैं।

## केवलारी विधायक ठा. राजनीश सिंह को न पर्यावरण की और न ही क्षेत्र के निवासियों के हितों की

**अवैध रेत खनन एवं रेत के अत्याधिक दर के खिलाफ़ आज तक नही दिखे मुखर?**

सिवनी यशोः- उगली क्षेत्र में रेत की वैध खदान प्रारंभ न होने से क्षेत्र में रेत की आपूर्ति मंडला जिले की रेत खदानों से हो रही है, जिसकी वजह से ल बे समय से केवलारी एवं उगली क्षेत्र के निवासी रेत के अत्याधिक बढ़े हुए दाम को लेकर परेशान है, रेत के अत्याधिक दर होने की वज़ह से आम लोगों के साथ साथ शासकीय निर्माण कार्य भी प्रभावित हो रहें हैं, जन सामान्य की समस्याओं से बेखबर जि मेदार अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सो रहे है, जबकि क्षेत्र की इस समस्या पर क्षेत्रीय पत्रकार प्रमुखता से खबरों का प्रकाशन कर रहे हैं किन्तु न ही ज़ि मेदार प्रशानिक अधिकारियो ने मामले को संज्ञान में लिया और न कभी सार्वजानिक रूप से क्षेत्रीय विधायक ठाकुर रजनीश सिंह सामने आए।



विगत कुछ दिनों पूर्व मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की जनसुनवाई उगली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बागडोगरी में आयोजित थी जिसमें स्थनीय ग्रामीणों द्वारा रेत के खनन की वजह से हो रहे पर्यावरण प्रदूषण में अपनी चिंता व्यक्त करते हुए क्षेत्र में रेतखदान प्रारभ करने में अपनी आपत्ति दर्ज़ कराई है । गौर करने वाली बात है की उक्त जनसुनवाई में क्षेत्रीय विधायक ठाकुर रजनीश सिंह भी मौजूद थे! क्षेत्र में जनचार्चा हैं कि विधायक एवं रेत ठेकेदार के बीच स्वार्थपूर्ण समझौता नहीं हो पाने के कारण पर्यावरण प्रदूषण बोर्ड एनजीटी के द्वारा जिले की बहुचर्चित रेत खदान बागडोंगरी के निकट धनई नदी और हिर्री नदी के निकट रेत खदानों का संचालन में स्वीकृत खदान प्रारंभ होने में रोड़े अटकाए जा रहे हैं।

प्राप्त जानकारी अनुसार विगत दिवस 26 मई को क्षेत्रीय विधायक के द्वारा पांडिया छपारा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बागडोंगरी के देवगांव में जनसुनवाई में उपस्थित होकर जबलपुर के अधिकारियों के साथ एक बैठक आहूत की गई थी, जिसमें उगली क्षेत्र के समस्त कांग्रेसी नेता भी स मिलित हुए, बात की जाए विगत एक पखवाड़े से समाचार की सुर्खियों में बना रेत खदान के मामले को लेकर आए दिन समाचार प्रकाशित किये जा रहे हैं। जिसको लेकर क्षेत्रीय विधायक ने अपने स्तर पर खदान चालू करवाने के लिए क्षेत्रीय लोगों से राय मांगी लेकिन इसके विपरीत रेत ठेकेदारों के साथ सांठ गांठ न हो पाने के कारण रेत खदान चालू नहीं की गई, जिसका खामियाजा वर्तमान में भवन निर्माण पुल, पुलिया सहित अन्य निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे है और निर्माण कार्य शीघ्र करना चाह रहे है उन्हें पड़ोसी जिलों से महंगे दामों में रेत खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है । मानसून का समय निकट है, जिसको देखकर ऐसा नहीं लगता की खदानें चालू होगी लेकिन क्षेत्रवासियों की माने तो कहीं ना कहीं विधायक और रेत ठेकेदारों के बीच के आपसी स्वार्थपूर्ण समझौते नहीं होने से क्षेत्रवासी परेशान हो रहे है । क्षेत्रीय विधायक ठाकुर रजनीश सिंह के लगे सगे सरपंच और कांग्रेसी नेता क्षेत्र की खदानों से अवैध उत्खन्न कर रहे है और खदानों को नीलाम होने में आपत्ति लगाकर अवैध रूप से उत्खन्न करने का काम करते है । एक मात्र खदान यहाँ की नीलाम हुई हे जिसे विधायक अपने राजनैतिक प्रभाव से प्रारंभ नहीं होने दे रहे है ।

## ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन एवं गुरूकुल पब्लिक स्कूल के समर कैंप का समापन समारोह 31 मई को

**कार्यक्रम में उपस्थित होंगी कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके, बच्चों एवं सा रे गा मा पा फेम मनोज मिश्रा की होंगी मंचीय प्रस्तुतियां**

बरघाट यशोः- ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में प्रतिवर्ष समर कैंप का आयोजन किया जाता रहा है। संगठन के प्रासंगित संस्थान गुरूकुल पब्लिक स्कूल द्वारा वर्तमान सत्र में समर कैंप का आयोजन 01 मई से 30 मई 2024 तक किया जाकर समापन समारोह एक शाम -बरघाट के नाम का आयोजन पंचशील लॉन बरघाट में 31 मई शाम 5 बजे से किया जाना है। प्रतिवर्षानुसार समर कैंप के समापन समारोह में बच्चों द्वारा मंचीय प्रस्तुतियां दी जायेगी साथ ही मनोज मिश्रा, सा रे गा मा पा फेम, मुंबई, अशोक झारिया 'शफक', सचिन दीक्षित द्वारा स्पेशल लॉइव परफार्मेंश दिया जावेगा।

कार्यक्रम में मु य अतिथि के रूप में श्रीमती संपतिया उइके,कैबिनेट मंत्री, मध्यप्रदेश शासन, कमल मर्सकोले विधायक, बरघाट - कुरई विधानसभा, श्रीमती भारती पारधी सांसद प्रत्याशी, सिवनी - बालाघाट, लोकसभा, आलोक दुबे अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, सिवनी, श्रीमती इमरता साहू, अध्यक्ष, नगर परिषद, बरघाट उपस्थित होंगे।

ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन के प्रबंध निदेशक नरेश सिंह राजपूत एवं गुरूकुल पब्लिक स्कूल प्राचार्य श्रीमती ज्याति सिंह राजपूत एवं स्टॉफ ने जिलेवासियों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपेक्षा की है।

# मुर्गीपालन एवं डेयरी क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनायें

## नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय बोर्ड के सदस्य एवं सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक ने छिन्दवाड़ा में तलाशी नवाचार की संभावनाएं

छिन्दवाडा । नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विश्वविद्यालय के बोर्ड मेंबर व पोल्ट्री इंडस्ट्रीज के विशेषज्ञ डॉ.महेन्द्र सिंह व सेवानिवृत्त सयुंक्त संचालक डॉ.जितेन्द्र कुल्हारे अल्प प्रवास पर गत दिवस छिन्दवाड़ा जिले के भ्रमण पर पंहुचे। जिले के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार व सहायक संचालक डॉ.महेन्द्र मोर्य द्वारा उनका आत्मीय अभिनंदन किया गया और जिले में किये जा रहे नवाचारों की जानकारी दी गई ।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ.पक्षवार ने बताया कि बोर्ड मेंबर व पोल्ट्री इंडस्ट्रीज के विशेषज्ञ डॉ.सिंह व सेवानिवृत्त सयुंक्त संचालक डॉ.कुल्हारे ने स्थानीय निजी सभागार में जिले के सभी पशु चिकित्सकों की बैठक ली, जिसमें जिले में किये जा रहे पशुपालन के क्षेत्र में नवाचार पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। डॉ.राजेश चेडगे द्वारा एनडीडीबी द्वारा संचालित आईवीएफ तकनीक के बारे बताया गया, जिसमें जिले में 7 वत्सों का जन्म होकर 50 प्रतिशत की उपलब्धता प्राप्त की गई। इसी प्रकार डॉ.छत्रपाल टाण्डेकर ने राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत किये जा रहे बकरीपालन, मुर्गीपालन एवं चारा विकास कार्यक्रम के बारे में बताया। मुर्गीपालन प्रक्षेत्र के प्रबंधक डॉ.सोनू कदम ने प्रक्षेत्र द्वारा किये जा रहे नवाचार व लक्ष्यों की पूर्ति के बारे मे जानकारी दी ।



नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विश्वविद्यालय के बोर्ड मेंबर व पोल्ट्री इंडस्ट्रीज के विशेषज्ञ डॉ.सिंह ने पशुपालन एवं मुर्गीपालन में युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करने की बात कही। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से वर्तमान में पोल्ट्री इंडस्ट्रीज में विकासशील परिवर्तन आया है। हर चरण में युवा आगे आकर इसमें रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। युवाओं को प्रोत्साहित किया जाना चाहिये। पोल्ट्री इंडस्ट्रीज से जुड़ कर विभिन्न उत्पादों पर काम करने की अपार संभावना जिले में है। बोर्ड मेंबर डॉ.सिंह ने डेयरी में पशुओं के रखरखाव व स्वच्छ जल एवं आवास को प्रोत्साहित किये जाने पर जोर दिया जिससे दुधारु पशु स्ट्रेस में न आये और अधिक से अधिक दुग्ध का उत्पादन प्राप्त किया जा सके ।

सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक डॉ.कुल्हारे ने अपने अनुभव साझा किये व मुर्गीपालन एवं डेयरी पर नवाचार के बारे में बताया ।जिले के उप संचालक डॉ.पक्षवार ने भी जिले में किये जा रहे विभागीय कार्यों की प्रगति से अवगत कराया एवं बोर्ड सदस्य द्वारा सुझाये गये सभी नवाचारों पर कार्य किये जाने के लिये पशुचिकित्सकों को निर्देश दिये। कार्यक्रम का समापन व आभार प्रदर्शन प्रबंधक पशु प्रजनन प्रक्षेत्र डॉ.एस.आर.सूर्यवंशी द्वारा किया गया। इस दौरान जिले के वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ.उषा क्षत्रिय, सहायक संचालक डॉ.प्राची चड्ढा, वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ.रविन्द्र नागले, वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ.सजंय शर्मा, डॉ.आर.एस.सिंह, डॉ.कृष्णा पेन्द्रे, डॉ.प्रियंका मर्सकोले, डॉ.अंकित मेश्राम, डॉ.नेहा साहू, डॉ.मारिया लाल, डॉ.अरुणा मंडराह, डॉ.शानू टांडेकर, डॉ.सावी ठाकरे, डॉ.अनुज चौधरी सहित मोबाइल यूनिट के पैरावेट श्री कमलेश्वर परतेती व श्री हेमंत रघुवंशी उपस्थित थे।

## ग्रीष्मकालीन ज्वार का रकबा 05 हे टेयर से 500 हे टेयर तक पहुँचा

**उप संचालक कृषि एवं कृषि वैज्ञानिकों ने सौंसर क्षेत्र के किसानों द्वारा किये गये ग्रीष्मकालीन ज्वार के नवाचार को देखा**

छिन्दवाडा। उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, डीन उद्यानिकी महाविद्यालय एवं सह संचालक आंचलिक कृषि अनुसंधान केन्द्र चंदनगांव डॉ.विजय पराडकर और कृषि वैज्ञानिक श्री सुन्दरलाल अलावा ने सौंसर क्षेत्र के ग्राम गुजरखेडी के कृषक श्री सी.के. सहस्त्राबुद्धे एवं पंधराखेडी में कृषक श्री राजेन्द्र पराडकर द्वारा किये गये ग्रीष्मकालीन ज्वार के नवाचार को देखा एवं किसानों से चर्चा की। साथ ही जोबनी में किसानों द्वारा बोई गई ग्रीष्मकालीन ज्वार एवं मूँगफल्ली को देखा व किसानों से चर्चा की । भ्रमण के दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सौंसर श्री योगेश भलावी, कृषि विस्तार अधिकारी श्री निरंजन पवार, श्री दिलीप परतेती, बीटीएम श्री सुभाष साहू, एटीएम श्री पंकज पराडकर एवं कृषक श्री अनिल पराडकर, श्री मनोज हिगवे, श्री देवराव पराडकर, श्री गणेश गोटे, हायटेक बीज कंपनी के प्रतिनिधि, अर्द्धनारीश्वर फार्मर प्रोड्?यूसर कंपनी लिमिटेड के प्रतिनिधि एवं प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे।

उप संचालक कृषि श्री सिंह ने बताया कि विगत वर्ष नवाचार के रूप में 5 हे टेयर में ग्रीष्मकालीन ज्वार किसानों द्वारा लगाई गई थी। ग्रीष्मकालीन ज्वार के फायदे को देखते हुए इस वर्ष सौंसर क्षेत्र के लगभग 1000 किसानों द्वारा लगभग 500 हे टेयर से अधिक क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन ज्वार किस्म हायटेक 3206 लगाई गई है। इस नवाचार को सौंसर क्षेत्र के किसान बहुत पसंद कर रहे हैं। ग्रीष्मकालीन मूँगफल्ली में लागत अधिक एवं उत्पादन कम होने और मजदूरों की समस्या के कारण किसानों का रुझान ज्वार की तरफ अधिक बढ़ा एवं किसानों ने ज्वार फसल में अधिक रूचि ली। ज्वार श्री अन्न फसल है, इसका पौष्टिक मूल्य अच्छा होता है। आमतौर पर ज्वार की फसल खरीफ सीजन में ली जाती है, लेकिन अनियमित बारिश के कारण ज्वार के दाने काले होने या उत्पादन में कमी होने की संभावना रहती है। लेकिन ग्रीष्मकालीन ज्वार से किसान 20 से 25 क्विंटल प्रति एकड़ औसत उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं और प्रति एकड 50000 रूपये का शुद्ध लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी, 9425843297